# नेशनल रिसर्च डिवेलपमेंट कारपोरेशन

[20-22, जमरुदपुर सामुदायिक केंद्र,
कैलाश कॉलोनी एक्सटेंशन नई दिल्ली-110048]

**हिंदी दिवस — 14 सितम्बर 2026**



**कमोडोर अमित रस्तोगी (से.नि.)**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

## हिंदी दिवस के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

**हिंदी दिवस पर आप सभी को हार्दिक बधाई।**

वर्ष 1949 में 14 सितंबर को हिंदी को संघ की राजभाषा केरूप में अंगीकार किया गया था। यह दिन हमें अपनी भाषा, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता पर गर्व करने की प्रेरणा देता है। हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, यह हमें जोड़ती है। हमारे कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा का प्रयोग पारदर्शिता, सरलता और आत्मीयता लाता है। यह हर्ष का विषय है कि हमारी संस्था में हिंदी में कार्य करने की प्रवृत्ति निरंतर बढ़ रही है। आज राजभाषा की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है।

डिजिटल इंडिया केइस युग में हिंदी तकनीक से जुड़ गई है। एआई, मोबाइल ऐप, ई-ऑफिस और इंटरनेट पर हिंदी सामग्री सबसे तेजी से बढ़ रही है। अब जन-जन तक योजनाओं को पहुँचाने का सबसे सशक्त माध्यम हिंदी ही है। वैश्विक मंच जी-20 में हिंदी केप्रयोग ने सिद्ध किया है कि हिंदी अब वैश्विक पहचान बन रही है। राजभाषा का सम्मान हम सबका संवैधानिक दायित्व भी है। आप सभी दैनिक टिप्पण, पत्राचार, ई-मेल और बैठकों में अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग करें। कठिन शब्दों के मोह से बचें, सरल और बोलचाल की हिंदी को अपनाएं।

**हमारा संकल्प:** "आइए, हिंदी पखवाड़े के दौरान हम यह संकल्प लें कि राजभाषा को अपने कार्य व्यवहार में आत्मसात करेंगे और इसके प्रचार-प्रसार में सक्रिय योगदान देंगे।"

**जय हिंद, जय हिंदी !**

**कमोडोर अमित रस्तोगी (से.नि.)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**
नेशनल रिसर्च डिवेलपमेंट कारपोरेशन

**दिनांक:** 14 सितम्बर 2026